# गोष्ठी का आयोजन

पन्तनगर। 12 जून 2025। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत न्याय पंचायत चंद्रपूरी के ग्राम हाट (अगस्त्यमुनि) में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पंतनगर विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र, जाखधार के वैज्ञानिकों के साथ–साथ राज्य सरकार के कृषि, उद्यान, पशुपालन तथा मत्स्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अधिकारियों द्वारा तकनीकी जानकारी एवं समाधानपरक सुझावों के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पंतनगर विश्वविद्यालय से आए डा. अमित केसरवानी द्वारा खरीफ फसलों में लगने वाले रोग एवं कीटों की जैविक तथा प्राकृतिक रोकथाम हेतु विभिन्न तकनीकों पर जानकारी दी गई। डा. आई.डी. पांडेय ने धान की खेती तथा एकीकृत फसल प्रबंधन पर विस्तार से बताया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों हेतु संस्तुत धान एवं मोटा अनाज की उन्नत प्रजातियों को लगाने तथा उनसे अधिक उत्पादन लेने हेतु वैज्ञानिक पहलुओं पर अपनी बात रखी। कृषि विज्ञान केंद्र, जाखधार के उद्यान वैज्ञानिक डा. अंकित डोंगरियाल ने केंद्र द्वारा जनपद के कृषकों हेतु आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं क्षेत्र की जलवायु के अनुसार फसलों के चुनाव करने तथा उनके मूल्य संवर्धन पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्यान अधिकारी श्री प्रकाश आर्य द्वारा किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग से आशा, सपना समेत ग्राम हाट के 35 से अधिक किसान मौजूद रहे।